समाचार

स्वच्छता कार्यो में उदासीनता न बरतें, अन्यथा होगी कार्यवाही–आयुक्त

(आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने कोरबा शहर का दौरा कर साफ–सफाई कार्यो का किया निरीक्षण, प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग को रोकने रहा विशेष फोकस)

कोरबा 10 जुलाई 2021 –आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने निगम के अधिकारियों एवं स्वच्छता कार्य एजेंसियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि साफ–सफाई कार्यो में उदासीनता न बरतें, अन्यथा जवाबदारी तय कर कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप नियमित रूप से सफाई कार्य कराएं, संग्रहित कचरे का तुरंत उठाव करें, नालियों एवं सड़कों के किनारे संग्रहित कचरा ज्यादा समय तक पड़ा न रहे, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें।

आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने आज निगम के अधिकारियों के साथ सम्पूर्ण कोरबा शहर का दौरा कर साफ–सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया, इस दौरान प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग को रोकने की दिशा में उनका विशेष फोकस रहा। आयुक्त श्री शर्मा ने कोसाबाड़ी क्षेत्र, निहारिका, घंटाघर, बुधवारी, सी.एस.ई.बी.चौक, टी.पी.नगर क्षेत्र, पावर हाउस रोड, नया बस स्टैण्ड, पुराना कोरबा शहर, इतवारी बाजार, पुराना बस स्टैण्ड, दर्री रोड, राताखार, बाईपास रोड, इमलीडुग्गू सीतामणी, गौमाता चौक सहित अन्य स्थानों का भ्रमण कर साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण किया तथा बेहतर साफ–सफाई कार्यो के लिए कड़े निर्देश अधिकारियों को दिए। भ्रमण के दौरान अनेक स्थानों पर कचरा बिखरा देख उन्होने कड़ी नाराजगी जाहिर की तथा इन सभी स्थानों पर तुरंत सफाई कराने के निर्देश दिए, उन्होने अधिकारियों एवं सफाई कार्य एजेंसियों से कहा कि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो, सफाई कार्य समय पर हो तथा कार्यो के दौरान संग्रहित कचरे का तुरंत उठाव हो, यह सुनिश्चित कर लें। भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, जोन कमिश्नर आर.के.चौबे, आर.के.माहेश्वरी, एम.एन.सरकार, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, डॉ.संजय तिवारी, सुनील वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

सब्जी थोक व्यापारियों पर लगा अर्थदण्ड– भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा बुधवारी स्थित थोक सब्जी बाजार पहुंचे तथा वहां का निरीक्षण किया। थोक सब्जी व्यापारियों द्वारा भारी मात्रा में प्लास्टिक कैरीबैगों का उपयोग किया जा रहा था, आयुक्त श्री शर्मा ने इसे गंभीरता से लेते हुए अर्थदण्ड लगाने के निर्देश दिए तथा भविष्य में प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग न हों, इस हेतु कड़ी हिदायत दी। उन्होने कहा कि सब्जी की पैकिंग हेतु प्रतिबंधित

प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग न करें, इसके स्थान पर जूट आदि के बोरे जैसे विकल्पों को उपयोग में लाएं। निगम अमले द्वारा बुधवारी बाजार स्थित सभी 08 थोक व्यापारियों पर अर्थदण्ड लगाया गया। आयुक्त श्री शर्मा ने वहां पर उपस्थित वाहन चालकों से कहा कि उनके वाहनों में यदि प्रतिबंधित प्लास्टिक से पैक सब्जी आदि सामग्री परिवहन की जाती है तो उन पर भी अर्थदण्ड लगाया जाएगा, अतः वे प्रतिबंधित प्लास्टिक पैक सब्जी आदि का परिवहन अपने वाहनो में न करें।

फुटकर सब्जी विक्रेता, चाय–पान ठेला संचालकों से की चर्चा– भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री शर्मा ने विभिन्न स्थानों पर फुटकर सब्जी विक्रेताओं, चाय–पान आदि का व्यवसाय करने वाले ठेला संचालकों से प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग व डिस्पोजल आदि के उपयोग पर जानकारी लेते हुए उनसे कहा कि वे व्यवसाय के दौरान इनका उपयोग न करें, प्रतिबंधित प्लास्टिक हम सभी के लिए हानिकारक है, अतः इनके स्थान पर वैकल्पिक साधनों को उपयोग में लाएं। उन्होने कहा कि सब्जी विक्रेता अपनी दुकानों में कपड़े व जूट आदि के थैले रखें तथा ग्राहकों को बाजिव दाम पर उपलब्ध कराएं। चाय, पान, स्वल्पाहार के ठेला संचालकों से उन्होने कहा कि ठेलों में भी इनका उपयोग कदापि न हों, दोना, पत्तल, कुल्हड़ या अन्य वैकल्पिक साधनों को उपयोग लाया जाए।

दिखने लगा '' प्लास्टिक फ्री कोरबा '' अभियान का असर–निरीक्षण के दौरान यह देखा गया कि निगम द्वारा चलाए जा रहे '' प्लास्टिक फ्री कोरबा '' अभियान का असर लोगों पर हो रहा है, विशेषकर फुटकर सब्जी विक्रेताओं, फल विक्रेताओं, चाय–पान आदि के ठेलों में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग व डिस्पोजल आदि सामग्री से परहेज किया जा रहा है। आयुक्त श्री शर्मा ने इन छोटे व्यवसायियों से चर्चा करते हुए जानकारी ली, उन्होने बताया कि निगम द्वारा हमे लगातार निर्देश प्राप्त हो रहे हैं, हम उनका पालन कर रहे हैं तथा प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग नहीं कर रहे, इन व्यवसायियों ने अपनी दुकानों में रखे गए कपड़े व जूट आदि के थैले दिखाएं तथा बताया कि वे अपने ग्राहकों को बाजिव दाम पर इन थैलों को उपलब्ध करा रहे हैं। आयुक्त श्री शर्मा ने व्यापारियों के इस कदम की प्रशंसा की तथा उनकी सराहना करते हुए कहा कि वे सभी को इस हेतु प्रेरित करें।

किया निर्माण कार्यो का निरीक्षण– भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री शर्मा ने स्व.बिसाहूदास महंत स्मृति उद्यान के जीर्णोद्धार कार्यो का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए, इसके साथ ही राताखार गेरवाघाट सड़क, नाला निर्माण आदि कार्यो का निरीक्षण करने के साथ ही लालूराम कालोनी के समीप स्थित नाले में बरसाती पानी की निकासी संबंधी व्यवस्था पर किए जा रहे कार्यो का अवलोकन किया, वहीं गौमाता चौक में स्थित डिवाईडरों पर सौदंर्यीकरण हेतु कलरयुक्त पौधों के रोपण एवं चौक के दायें ओर निर्मित उद्यान में दूब घांस लगाए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।